Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to demarcate flood plain of Yamuna river near Badarpur area.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): बहुत-बहुत धन्यवाद, सर । मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि बदरपुर एरिया में यमुना नदी के किनारे जो फ्लड प्लेन है, जो 2021 मास्टर प्लान के अंतर्गत बनाया गया था, उसकी डिमार्केशन आज तक नहीं हुई है । जब यमुना नदी का पानी बढ़ता है, तो पानी कहां तक जाता है, कहां तक नहीं जाता है, उसके बहाने से अधिकारी उसके जोन से बाहर के लोगों को भी तंग करते हैं । जब गरीब आदमी अपना कोई आशियाना बनाते हैं, तो उनको तंग किया जाता है । काफी भ्रष्टाचार फैल रहा है । मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि उस फ्लड प्लेन की डिमार्केटिंग की जाए, जिससे कम से कम यह पता चल सके कि फ्लड प्लेन किधर है और जो लोग उसके जोन से बाहर रहते हैं, उनको सरकारी अधिकारी परेशान न करें । धन्यवाद ।